फिट इंडिया मूवमेंट-जनवरी 2020

दिनांक 14 जनवरी 2019 को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर में विश्वविद्यालय स्तर पर **फिट इंडिया मूवमेंट** का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर विशन सिंह राठौर ने स्वागत उद्बोधन के साथ किया एवं बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट की शुरुआत हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर किया गया। उन्होंने बताया कि मोदी जी का यह सपना है कि विद्यार्थी, युवा एवं बुजुर्ग सभी स्वस्थ रहें और देश के विकास मे अपना योगदान दें। उन्होंने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत वर्ष भर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कराई जाएंगी जिसके अंतर्गत विभिन्न प्रकार के खेल, एरोबिक्स, योगा, हेल्थ चेकअप एवं अन्य कई तरह की शारीरिक गतिविधिया कराई जाएंगी। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय की कुलपति एवं कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रोफेसर अंजिला गुप्ता ने रिबन काटकर किया। उन्होंने बताया कि मैं भी छात्र जीवन में शारीरिक गतिविधियों एवं खेलों में बहुत ज्यादा भाग लेती थी एवं मैं नेशनल लेवल की वालीबॉल प्लेयर भी रही हूं। उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि खेलों एवं शारीरिक गतिविधियो में भाग लेने से हम शारीरिक एवं मानसिक दोनों रूप से स्वस्थ रहते हैं।

फिट इंडिया मूवमेंट-जनवरी 2020

गुरु घसीदास विश्वविध्यालय मे शारीरिक शिक्षण विभाग के द्वारा विश्वविध्यालय मे फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत दिनांक 14-01-2020 से 21-01-2020 तक अंतर संकाय खेल-कूद स्पर्धा का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न संकायो के विध्यार्थियों के मध्य वालीबाल, बास्केटबाल, कबड्डी, बैडमिंटन, एथलेटिक्स आदि खेलो का आयोजन किया गया जिसमे विध्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं विजेता खिलाड़ियो को विश्वविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षको द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त जनवरी माह मे फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत शिक्षको एवं विध्यार्थियों के मध्य वालीबाल खेल एवं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।